**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1293**
**उत्तर देने की तारीख 25 नवंबर, 2019**
**सोमवार, 04 अग्रहायण, 1941 (शक)**

**कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा**

**1293. श्री रेबती त्रिपुराः श्री सुब्रत पाठकः श्रीमती संध्या रायः**
**श्री जी. सेल्वमः श्री धनुष एम. कुमारः श्री विजय कुमार दुबेः**

**क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जर्मनी के साथ कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए किसी संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन विभिन्न क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिन पर प्रशिक्षुओं की गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा;

(ग) क्या समझौते से एक अभिनव प्रणाली स्थापित करने में भारत के प्रयासों को मदद मिलेगी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त समझौते से देश को मिलने वाले लाभों का ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार ने विदेश में रोजगार पाने के लिए उच्च श्रेणी का प्रशिक्षण देने के लिए केंन्द्र स्थापित किए हैं और यदि हां, तो इस क्षमता के साथ कितने केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है; और

(छ) सरकार द्वारा नवीन और स्थायी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री आर. के. सिंह)**

(क) से (ड.) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग के लिए जर्मनी के साथ तीन संयुक्त आशय घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है।

(च) सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक विश्व के अन्य भागों में अपने समकक्षों के समान कौशलों वाला कार्य समूह सृजित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र (आईआईएससी) कार्यक्रम की परिकल्पना की गई थी। विदेश मंत्रालय (एमईए) के साथ किए गए कुशल भारत मिशन और प्रवासी कौशल विकास योजना समझौता ज्ञापन के अंतर्गत एमएसडीई अंतर्राष्ट्रीय संचलन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले कौशल प्रशिक्षण और प्रमाणन उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के माध्यम से आईआईएससी नेटवर्क स्थापित कर रहा है। इसके प्रायोगिक चरण में संचालन के दौरान 14 आईआईएससी प्रारंभ किए गए थे और महत्वपूर्ण पाठ सीखे गए थे। प्रशिक्षित किए गए 583 उम्मीदवारों में से 286 उम्मीदवारों को सफलतापूर्वक प्रमाण-पत्र दिए गए और 63 उम्मीदवारों को विदेशों में रोजगार दिया गया।

इसके अलावा एमएसडीई और जापान के न्याय मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय, श्रम और कल्याण मंत्रालय (संयुक्त रूप से जापान के मंत्रालय के रूप संदर्भित) के बीच सहयोग ज्ञापन पर तकनीकी इंटर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम (टीआईटीपी) का उन्नयन करके जापान से भारत को उपयुक्त और सहज रूप से तकनीकी कौशलों का अंतरण करने के उद्देश्य से 17 अक्तूबर, 2017 को हस्ताक्षर किए गए थे। टीआईटीपी कार्यक्रम कार्य के साथ-साथ प्रशिक्षण (ओजेटी) कार्यक्रम है, जो जापान में विदेशी नागरिकों को रोजगार अवसर प्रदान करता है। टीआईटीपी कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में 27 प्रेषक संगठनों को सूचीबद्ध किया गया है और इन प्रेषक संगठनों ने उम्मीदवारों को जापान में प्रशिक्षण तथा तकनीकी इंटर्न के रूप में भेजने के लिए 11 भारतीय राज्यों में 24 प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। जापानी भाषा का प्रशिक्षण लेने के लिए इन केंद्रों में 700 से अधिक उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है।

(छ) इस मंत्रालय ने रोजगार अवसरों में वृद्धि करने के लिए नवीन और संधारणीय सेक्टरों सहित कौशल सेक्टर में सहयोग के लिए 8 अन्य देशों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत नवीन और संधारणीय सेक्टरों सहित विभिन्न सेक्टरों में देशभर में उद्योग संबद्ध कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**अनुबंध**

**"कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा" के संबंध में दिनांक 25.11.2019 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1293 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) तक में उल्लिखित अनुबंध**

| क्र.सं. | आशय की संयुक्त घोषणा पत्रों पर हस्ताक्षर करने वाले | लक्ष्य और उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और जर्मन गणराज्य के शिक्षा और अनुसंधान मंत्रालय (बीएमबीएफ) तथा आर्थिक सहकारिता और विकास मंत्रालय (बीएमजेड) | एसडी एवं वीईटी आदि की नवीन प्रणाली स्थापित करने के लिए कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण (एसडीएवंवीईटी) के क्षेत्र में तकनीकी सहायता के साथ-साथ परस्पर परामर्श, सलाहकारी कार्य और नीति विनिमय के लिए |
| 2. | एमएसडीई और बीएमबीएफ | वीईटी क्लस्टर प्रबंधकों और भारतीय कौशल विकास अधिकारियों के दोहरी वीईटी का उन्नयन और सहयोग में प्रशिक्षण |
| 3. | एमएसडीई, बीएमजेड और सीमेंस लि., भारत | भारत जर्मन व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (आईजीवीईटी) क्लस्टर अर्पोच और सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दोहरी वीईटी पहल को प्रोत्साहित करना, व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्मिकों की अर्हताओं का समाधान आदि |

*******